माँ स्कंदमाता जी की आरती

जय जय स्कन्द माता,
ॐ जयती जय स्कन्द माता,
भक्ति शक्ति प्रदायिनी
भक्ति शक्ति प्रदायिनी
सब सुख की दाता,
ॐ जयती जय स्कन्द माता,
जय जय स्कन्द माता
ॐ जयती जय स्कन्द माता,
भक्ति शक्ति प्रदायिनी
भक्ति शक्ति प्रदायिनी
सब सुख की दाता,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

कार्तिकेय की हो माता,
शंभू की शक्ति,
माँ शंभू की शक्ति,
भक्त जनों को मैया,
भक्त जनों को मैया,
देना निज भक्ति,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

चार भुजा अति सोहे,
गोदी में हैं स्कन्द,
माँ गोदी में हैं स्कन्द,
दया करो जगजननी,
दया करो जगजननी,
बालक हम मतिमन्द,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

शुभ्र वर्ण अति पावन,
सबका मन मोहे,
माँ सबका मन मोहे,
होता प्रिय माँ तुमको,
होता प्रिय माँ तुमको,
जो पूजे तोहे,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

स्वाहा स्वधा ब्रह्माणी,
राधा रुद्राणी,
माँ राधा रुद्राणी,
लक्ष्मी शारदा काली,
लक्ष्मी शारदा काली,

कमला कल्याणी,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

काम क्रोध मद मैया,
जगजननी हरना,
माँ जगजननी हरना,
विषय विकारी तन मन,
विषय विकारी तन मन,
को पावन करना,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

नवदुर्गो में पंचम,
मैया स्वरूप तेरा,
है मैया पंचम स्वरूप तेरा,
पांचवे नवरात्रे को,
पाँचवे नवरात्रे को,
होता पूजन तेरा,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

तू शिव धाम निवासिनी,
महाविलासिनी तू,
माँ महाविलासिनी तू,
तू शमशान विहारिणी,
तू शमशान विहारिणी,
ताण्डव लासिनी तू,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

हम अति दीन दुखी माँ,
कष्टों ने घेरे,
माँ कष्टों ने घेरे,
अपना जान दया कर,
अपना जान दया कर,
बालक हैं तेरे,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

ॐ जयती जय स्कन्द माता,
भक्ति शक्ति प्रदायिनी
भक्ति शक्ति प्रदायिनी
सब सुख की दाता,
ॐ जयती जय स्कन्द माता।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24172/title/maa-sakandmata-ji-ki-aarti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |